>

Title: Need to take action against the school authorities in Surat who had asked the students to walk on fire in order to infuse confidence in them.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): अध्यक्ष महोदया, 21 अप्रैल को सूरत के एक प्राइवेट स्कूल क्रेडिल स्कूल में प्राइमरी कक्षा के बच्चों के साथ जिंदगी से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। टी.वी. पर उसे देखकर रौंगटे खड़े हो गये। मासूम बच्चों को जलते अंगारों पर चलाया गया, इसलिए ताकि बच्चों का आत्मविश्वास बढ़े। बच्चों की जान से खेलकर आत्मविश्वास बढ़ाने का यह कैसा तरीका है? स्कूल के दबाव में बच्चों के माता-पिताओं की भी आवाज नहीं निकल पाई। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस खिलवाड़ के दौरान छात्र बेतहाशा रोते रहे और बच्चे जख्मी हो गये, लेकिन स्कूल के अधिकारियों की तरफ से यह क्रूर गतिविधि रुक नहीं पाई।

ऐसे कृत्य के लिए स्कूल को माफ नहीं करना चाहिए। आगे से ऐसी कोई घटना बच्चों के साथ न घटे, यह ध्यान में रखकर इस स्कूल पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए तथा इसकी मान्यता भी रद्द होनी चाहिए, ऐसी मैं मांग करता हूं।

अध्यक्ष महोदया : श्री शैलेन्द्र कुमार, आप यह ध्यान रखिये कि किसी पर आरोप नहीं लगाएं।

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): अध्यक्ष महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं तो सोच रहा था कि आप हमसे नाराज हैं।

अध्यक्ष महोदया : हम किसी से नाराज नहीं होते हैं। आप बोलिये।